**सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,**
**पिलानी- 333031 ( राजस्थान )**

सं. 35/37/2020-रा.भा.(स्थापना दिवस) दिनांक 24.08.2022

**सूचना**

**विषय : सीएसआईआर स्थापना दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों को अधिछात्रवृति (Studentship) / नकद पुरस्कार हेतु आवेदन / नामांकन का आमंत्रण ।**

सीएसआईआर के **81वें स्थापना दिवस** पर **26 सितम्बर, 2022** को संस्थान के सहकर्मियों के निम्नलिखित पात्रता वाले बच्चों को **अधिछात्रवृति (Studentship)/ नकद पुरस्कार** प्रदान किए जाएँगे :-

1. सीएसआईआर कर्मचारियों के बच्चों, जिन्होंने **वर्ष 2020, 2021 तथा 2022** में प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर निम्नलिखित संस्थानों में प्रवेश लिया हो, को **रु 1500/- प्रतिमाह** की दर से अधिछात्रवृति (Studentship) दी जाएगी :

   **(क) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) में बी.टेक. या एकीकृत एम.एस.सी. पाठयक्रम;**

   **(ख) भारतीय प्रबंध संस्थानों( IIMs) में CAT द्वारा चयनित दो वर्षीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर पाठयक्रम (PGP);**

   **(ग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली तथा ए.एफ.एम.सी., पुणे में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में चयनित।**

2. सीएसआईआर के कर्मचारियों के बच्चों, जिन्होने वर्ष 2020, 2021 तथा 2022 की सीनियर सेकेण्डरी (12वीं कक्षा) परीक्षा में **कम-से-कम तीन विज्ञान विषयों (प्रत्येक में) 90% या अधिक** अंक प्राप्त किए हों, को **रु 3000/- का एकमुश्त नकद पुरस्कार।**

3. सीएसआईआर कर्मचारियों के बच्चों, जिन्होंने **वर्ष 2020, 2021 तथा 2022** की सीनियर सेकेण्डरी (12वीं कक्षा) परीक्षा मे **किसी भी विज्ञान विषय में 100% अंक** प्राप्त किए हों, को **रु 2000/- का नकद पुरस्कार।**

4. उपर्युक्त बिन्दु सं 2 व 3 मे उल्लिखित पात्रता रखने वाले सीएसआईआर कर्मचारियों के बच्चों को **दोनों नकद पुरस्कार अलग-अलग दिए जाएंगे।**

5. वर्ष 2020 तथा 2021 के लिए आवेदन करने वाले कार्मिकों को यह **वचनपत्र (Undertaking)** भी देना होगा कि उन्होंने वर्ष 2020 तथा 2021 में यह अधिछात्रवृति (Studentship) / नकद पुरस्कार प्राप्त नहीं किया है।

संस्थान के समस्त सहकर्मी जिनके बच्चे उपर्युक्त पात्रता रखते हों, वे संबंधित **प्रमाण पत्रों एवं अंकतालिकाओं की स्वसाक्ष्यांकित (Self attested) प्रतिलिपियों** सहित अपने आवेदन / नामांकन राजभाषा प्रकोष्ठ को दिनांक 29.08.2022 तक भिजवाएँ।

24/8/2022
**(रमेश बौरा)**
**वरिष्ठ हिंदी अधिकारी**

**प्रतिलिपिः**

1. प्रभारी, नेटवर्क प्रबंधन प्रकोष्ठ - संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
2. संबंधित फाइल
3. सूचना पट्ट